''अभिप्राप्त करना'' (obtain) शब्द भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1947 की धारा 5(1)(घ) में प्रयुक्त हुआ था जिसका निर्वचन करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्यायदृष्टांत ***सी.के. दामोदरन नायर विरूद्ध भारत सरकार, (1987) 9 एस.सी.सी. 477*** में यह प्रतिपादित किया गया है कि ''अभिप्राप्त करने'' में कार्य का प्रारंभ उस व्यक्ति द्वारा किया जाता है जो प्राप्तकर्ता है और इसमें कुछ पाना या लाभ अर्जित करना किसी प्रयास का परिणाम होता है। यही निर्वचन माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ***आर. बालकृष्ण पिल्लई विरूद्ध केरल राज्य, (2003) एस.सी.सी. 700*** में भी दोहराया गया है। इसी प्रकार ''उपाप्त करना'' शब्द भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 366–ए में प्रयुक्त किया गया है जहां इसका संदर्भ अवयस्क बालिका को अयुक्त संभोग आदि के लिए उत्प्रेरित करने के अपराध से संबंधित है। यहां भी वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए किसी न किसी प्रकार के अवैधानिक कार्य का किया जाना संकल्पित है। वहीं दूसरी ओर ''अर्जित करने'' में कोई अतिरिक्त प्रयास या परिणाम की वांछा के लिए कृत्य किया जाना आवश्यक नहीं है और मात्र स्वयं के लिए प्राप्त करना ही अर्जित करना है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रथम दृष्टया यह कहा जा सकता है कि आयुध अधिनियम की धारा 3 में प्रयुक्त शब्द ''अर्जित करना'' तथा धारा 5 में संशोधन द्वारा जोड़े गए शब्द ''अभिप्राप्त करना'' एवं ''उपाप्त करना'' एक समान नहीं हैं। धारा 5 के उल्लंघन के अपराध के लिए आयुध रखने वाले व्यक्ति के संबंध में उसके अवैधानिक आधिपत्य को स्थापित करने के लिए आयुध प्राप्त करने का प्रयास करने संबंधी अतिरिक्त साक्ष्य अभिलेख पर होना अपेक्षित है। अनुज्ञप्ति के अभाव में आयुध का आधिपत्य मात्र धारा 3 का ही उल्लंघन होगा।

इस अभिमत का एक अन्य आधार सजाति का सिद्धांत (doctrine of *ejusdem generis*) भी है। जहां आयुध अधिनियम की धारा 3 में ''अर्जित करना'' शब्द, ''आधिपत्य में रखना'' एवं ''लेकर

चलना'' के साथ प्रयुक्त हुए हैं वहीं धारा 5 में ''अभिप्राप्त करना'' एवं ''उपाप्त करना'' के साथ ''उपयोग'', ''विनिर्माण'', ''विक्रय'', ''अंतरण'' आदि शब्दों का प्रयोग हुआ है। दोनों ही धाराएं अनुज्ञप्ति के अभाव में उपरोक्त कार्य को करने से निषेधित करती हैं। स्पष्ट है कि धारा 3 कम गंभीर कार्य और धारा 5 अधिक गंभीर कार्य के लिए अनुज्ञप्ति की अपेक्षा करती है। ऐसे में एक ओर आयुध ''अर्जित करना'' तथा दूसरी ओर ''अभिप्राप्त करना'' व ''उपाप्त करना'' एक समान हो ही नहीं सकते हैं।

इसी प्रकार जहां एक ओर आयुध अधिनियम की धारा 3 के उल्लंघन के लिए दण्ड धारा 25(1–बी)(ए) में सात वर्ष तक के कारावास के लिए प्राविधित है वहीं धारा 5 के उल्लंघन के लिए धारा 25(1)(ए) में आजीवन कारावास तक के दण्ड का प्रावधान है। दण्ड की मात्रा में यह भिन्नता भी यही दर्शाती है कि जहां ''अर्जित करना'' मात्र आधिपत्य से स्थापित हो सकता है वहीं ''अभिप्राप्त करना'' या ''उपाप्त करना'' स्थापित करने के लिए आधिपत्य प्राप्त करने संबंधी प्रयास को स्थापित करने वाली अतिरिक्त साक्ष्य आवश्यक होगी।

3. धारा 6

धारा	संशोधन पूर्व का प्रावधान	संशोधित प्रावधान
6	गनों के नाल के छोटा किए जाने या नकली आग्न्यायुधों को आग्न्यायुधों में संपरिवर्तित करने के लिए अनुज्ञप्ति – कोई भी व्यक्ति आग्न्यायुध की नाल को छोटा या किसी नकली आग्न्यायुध को आग्न्यायुध में संपरिवर्तित तब के सिवाय न करेगा जब तक कि वह इस अधिनियम या तदधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों के अनुसार निकाली गई अनुज्ञप्ति इस निमित्त धारित करता हो।	गनों के नाल के छोटा किये जाने या नकली आग्न्यायुधों को आग्न्यायुधों में संपरिवर्तित करने के लिये अनुज्ञप्ति – कोई भी व्यक्ति आग्न्यायुध की नाल को छोटा या किसी नकली आग्न्यायुध को आग्न्यायुध में संपरिवर्तित या आयुध नियम, 2016 में उल्लिखित आग्न्यायुधों के किसी प्रवर्ग से आग्न्यायुधों के किसी अन्य प्रवर्ग में संपरिवर्तित तब के सिवाय न करेगा जब कि वह इस अधिनियम या तदधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों के अनुसार निकाली गई अनुज्ञप्ति इस निमित्त धारित करता हो।

संशोधन के पूर्व धारा 6 बंदूक की नाल को छोटा करने एवं नकली आग्न्यायुध को आग्न्यायुध में संपरिवर्तित करने के लिए अनुज्ञप्ति की आवश्यकता का प्रावधान करती थी। आयुध नियम, 2016 के नियम 3 एवं अनुसूची–I के द्वारा आयुधों एवं गोला–बारूद का वर्गीकरण किया गया है; जैसे प्रतिषिद्ध आयुध (prohibit arms), निर्बंधित आयुध (restricted arms), अनुज्ञेय आयुध (permitted arms) आदि।

धारा 6 में संशोधन द्वारा आयुध नियम, 2016 की अनुसूची–I के एक प्रवर्ग में उल्लेखित आयुधों का दूसरे प्रवर्ग के आयुध में संपरिवर्तन भी विनियमित करते हुए इसके लिए अनुज्ञप्ति की आवश्यकता का प्रावधान किया गया है। धारा 6 का उल्लंघन धारा 25(1)(बी) के अधीन न्यूनतम सात वर्ष के अध्यायाधीन रहते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से भी दण्डनीय है।

4. धारा 15

धारा	संशोधन पूर्व का प्रावधान	संशोधित प्रावधान
15	**अनुज्ञप्ति की अस्तित्वावधि और उसका नवीकरण** – (1) धारा 3 के अधीन की अनुज्ञप्ति यदि पहले ही प्रतिसंहृत न कर दी जाए तो वह उस तारीख से, जिसको वह अनुदत्त की जाए, तीन वर्ष की कालावधि के लिए प्रवृत्त बनी रहेगी : परन्तु ऐसी अनुज्ञप्ति लघुतर कालावधि के लिए अनुदत्त की जा सकेगी, यदि वह व्यक्ति जिसके द्वारा वह अनुज्ञप्ति अपेक्षित है, वैसा चाहे या यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी उन कारणों से जो लेखन द्वारा अभिलिखित किए जायेंगे, किसी मामले में यह समझे कि अनुज्ञप्ति लघुतर कालावधि के लिए अनुदत्त की जानी चाहिए।	**अनुज्ञप्ति की अस्तित्वावधि और उसका नवीकरण** – (1) धारा 3 के अधीन की अनुज्ञप्ति यदि पहले ही प्रतिसंहृत न कर दी जाय तो वह उस तारीख से, जिसको वह अनुदत्त की जाए पाँच वर्ष की कालावधि के लिए प्रवृत्त बनी रहेगी : परन्तु ऐसी अनुज्ञप्ति लघुत्तर कालावधि के लिये अनुदत्त की जा सकेगी यदि वह व्यक्ति जिसके द्वारा वह अनुज्ञप्ति अपेक्षित है, वैसा चाहे या यदि अनुज्ञापन–प्राधिकारी उन कारणों से जो लेखन द्वारा अभिलिखित किये जायेंगे किसी मामले में यह समझे कि अनुज्ञप्ति लघुतर कालावधि के लिये अनुदत्त की जानी चाहिये : परन्तु यह और कि धारा 3 के अधीन अनुदत्त अनुज्ञप्ति, धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (क) के उपखंड (ii) और उपखंड (iii) में विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन होगी और अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति को उस तारीख से, जिसको यह अनुदत्त या नवीकृत की जाए, प्रत्येक पांच वर्ष के पश्चात् अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष आग्न्यायुध या गोला–बारूद और संबंधित दस्तावेज सहित पेश करेगा।

मूल अधिनियम की धारा 15 अनुज्ञप्ति की अवधि एवं उसके नवीकरण (duration and renewal) का प्रावधान करती है। संशोधन के पूर्व धारा 3 के अधीन जारी आग्न्यायुध की अनुज्ञप्ति तीन वर्ष के लिए जारी किए जाने का प्रावधान था, अब संशोधन द्वारा इसे पांच वर्ष की कालावधि के लिए प्रवृत्त बने रहने का प्रावधान किया गया है।

साथ ही एक परन्तुक जोड़कर प्रत्येक पांच वर्ष के पश्चात् आग्न्यायुध अथवा गोला–बारूद संबंधित दस्तावेज सहित अनुज्ञापन प्राधिकारी (licensing authority) के समक्ष अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत किए जाने का प्रावधान किया गया है।

5. धारा 25(1)(ए), 25(1)(बी) एवं धारा 25(1) की दीर्घ पंक्ति

धारा	संशोधन पूर्व का प्रावधान	संशोधित प्रावधान
25	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड** – (1) जो कोई –	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड** – (1) जो कोई –
	(ए) धारा 5 के उल्लंघन में, किन्हीं आयुधों या गोला–बारूद का विनिर्माण, विक्रय, अन्तरण, संपरिवर्तन, मरम्मत, परख या परिसिद्धि करेगा, या उसे विक्रय या अन्तरण के लिए अभिदर्शित या प्रस्थापित करेगा या विक्रय, अन्तरण संपरिवर्तन, मरम्मत, परख या परिसिद्धि के लिए अपने कब्जे में रखेगा; अथवा	(ए) धारा 5 के उल्लंघन में किसी भी आयुध या गोला–बारूद का विनिर्माण, अभिप्राप्त, उपाप्त, विक्रय, अन्तरण, संपरिवर्तन, मरम्मत, परख या परिसिद्धि करेगा या उसे विक्रय या अंतरण के लिए अभिदर्शित या प्रतिस्थापित करेगा या विक्रय, अन्तरण, संपरिवर्तन, मरम्मत, परख या परिसिद्धि के लिए अपने कब्जे में रखेगा; अथवा
	(बी) धारा 6 के उल्लंघन में, किसी आग्न्यायुध की नाल को छोटी करेगा या नकली आग्न्यायुध को आग्न्यायुध में संपरिवर्तित करेगा; अथवा	(बी) धारा 6 के उल्लंधन में किसी आग्न्यायुध की नाल को छोटी करेगा या नकली आग्न्यायुध को आग्न्यायुध में संपरिवर्तित या आयुध नियम, 2016 में उल्लिखित आग्न्यायुधों के किसी प्रवर्ग से आग्न्यायुधों के किसी अन्य प्रवर्ग में संपरिवर्तित करेगा; अथवा
	.....	.....
	वह कारावास से जिसकी अवधि तीन वर्ष से कम नहीं होगी, किन्तु जो सात वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।	वह कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष से कम की नहीं होगी, किंतु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने का भी दायी होगा।

मूल अधिनियम की धारा 25(1)(ए) एवं 25(1)(बी) क्रमशः धारा 5 एवं 6 के उल्लंघन के लिए दण्ड का प्रावधान करती हैं। धारा 25(1)(ए) एवं 25(1)(बी) में धारा 5 व 6 में किए गए संशोधन के पारिणामिक संशोधन किए गए हैं।

संशोधन पूर्व जहां न्यूनतम तीन वर्ष के अध्याधीन रहते हुए सात वर्ष तक के कारावास के दण्ड एवं अर्थदण्ड का प्रावधान था, वहीं अब यह न्यूनतम सात वर्ष के अध्याधीन रहते हुए आजीवन कारावास तक के दण्ड एवं अर्थदण्ड से भी दण्डनीय है। अर्थात् धारा 25(1) के अधीन दण्डनीय अपराध अब अनन्यः सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय हो गए हैं।

यहां एक प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि पुलिस द्वारा मात्र आग्न्यायुध का वैध अनुज्ञप्ति के बिना आधिपत्य पाए जाने पर यदि धारा 25(1)(ए) के अधीन दण्डनीय अपराध के संबंध में अभियोग पत्र

प्रस्तुत किए जाने पर क्या मजिस्ट्रेट ऐसे अभियोग पत्र पर संज्ञान लेने और मामला सत्र न्यायालय को विचारण हेतु उपार्पित करने के लिए बाध्य है?

इस प्रश्न का उत्तर जानने के लिए पुलिस द्वारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर मजिस्ट्रेट को उपलब्ध विकल्प एवं उसकी शक्तियां क्या हैं, इस पर विचार किया जाना आवश्यक है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय दृष्टांत ***संजय बंसल विरूद्ध जवाहरलाल वत्स, (2007) 13 एससीसी 71*** में द.प्र.सं. की धारा 173(2) एवं 190 पर विचार करते हुए यह प्रतिपादित किया गया है कि जब मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस द्वारा प्रस्तुत अंतिम प्रतिवेदन का निष्कर्ष यह हो कि अभियुक्त के द्वारा अपराध कारित किया गया है तो मजिस्ट्रेट के समक्ष तीन विकल्प उपलब्ध होते हैं –

(1) मजिस्ट्रेट अंतिम प्रतिवेदन के आधार पर अपराध का संज्ञान ले सकता है;

(2) मजिस्ट्रेट अंतिम प्रतिवेदन से असहमत होकर अपराध का संज्ञान लेने से इंकार करते हुए कार्यवाही समाप्त कर सकता है; एवं

(3) मजिस्ट्रेट द.प्र.सं. की धारा 156(3) के अधीन अतिरिक्त अनुसंधान (further investigation) का आदेश कर सकता है।

इस मामले में यह भी प्रतिपादित किया गया है कि मजिस्ट्रेट पुलिस प्रतिवेदन से बंधा हुआ नहीं है और स्वविवेक से तथ्यों के आधार पर संज्ञान लेने अथवा न लेने का आदेश कर सकता है। यही विधि पुनः ***विकास रंजन राउत विरूद्ध राज्य, (2019) 5 एससीसी 542*** में प्रतिपादित की गई है।

अतः यदि पुलिस द्वारा अनुसंधान के दौरान आग्न्यायुध के अवैधानिक आधिपत्य के अतिरिक्त कोई भी अन्य साक्ष्य संकलित न की गई हो और अंतिम प्रतिवेदन आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(ए) के अधीन दण्डनीय अपराध के संबंध में प्रस्तुत किया गया हो तो मजिस्ट्रेट उक्त अंतिम प्रतिवेदन पर संज्ञान न लेते हुए द.प्र.सं. की धारा 156(3) के अधीन अभियुक्त द्वारा आग्न्यायुध का अवैधानिक आधिपत्य प्राप्त करने का प्रयास करने संबंधी अतिरिक्त साक्ष्य एकत्रित करने के लिए अतिरिक्त अनुसंधान का आदेश दे सकता है। यही प्रक्रिया उचित होगी।

अतिरिक्त अनुसंधान के उपरांत यदि उपरोक्त अवैधानिक आधिपत्य प्राप्त करने संबंधी प्रयास को स्थापित करने वाली प्रथम दृष्टया साक्ष्य पुलिस द्वारा अभियोग पत्र के साथ प्रस्तुत कर दी जाती है तो मजिस्ट्रेट धारा 25(1)(ए) के अधीन दण्डनीय अपराध का संज्ञान ले सकता है। यदि ऐसा प्रयास स्थापित करने वाली कोई भी प्रथम दृष्टया साक्ष्य संकलित किए बिना पुलिस पुनः अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है तो ***संजय बंसल*** (पूर्वोक्त) के न्याय दृष्टांत के अनुसार मजिस्ट्रेट धारा 25(1)(ए) के अधीन दण्डनीय अपराध का संज्ञान लेने के लिए बाध्य नहीं है और अनुसंधान के दौरान संकलित साक्ष्य के आधार पर धारा 25(1–बी)(ए) (धारा 3 के उल्लंघन के लिए) के अधीन दण्डनीय अपराध का संज्ञान लेकर विचारण हेतु अग्रेषित हो सकता है। जब मजिस्ट्रेट पुलिस प्रतिवेदन से सहमत न हो तो उसे अपने कारण अवश्य लेख करने चाहिए।

यहां विशेष ध्यान रखने योग्य बात यह है कि द.प्र.सं. की धारा 156(3) के अधीन अतिरिक्त अनुसंधान का आदेश मात्र एक ही बार दिया जा सकता है, बार–बार नहीं, जैसा कि माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा न्याय दृष्टांत ***कुन्तल बरां चक्रबर्ती विरूद्ध पुलिस अधीक्षक व अन्य,***

एमसीआरसी क्रमांक 9969/2016, आदेश दिनांक 03.04.2017 (मुख्य पीठ जबलपुर) में प्रतिपादित किया गया है।

यहीं एक और बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि यदि मजिस्ट्रेट द्वारा पुलिस के अंतिम प्रतिवेदन पर एक बार धारा 25(1)(ए) के अधीन दण्डनीय अपराध का संज्ञान ले लिया गया हो, तो मजिस्ट्रेट को मामला सत्र न्यायालय को उपार्पित करना ही होगा और उपार्पण के प्रक्रम पर साक्ष्य के गुणदोष पर विचार कर यह जांच करने की अधिकारिता मजिस्ट्रेट को नहीं है कि धारा 25(1)(ए) का अपराध गठित हो रहा है अथवा धारा 25(1–बी)(ए) का। यह मत माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्याय दृष्टांत ***राज किशोर प्रसाद विरूद्ध बिहार राज्य, (1996) 4 एससीसी 495*** में प्रतिपादित विधि पर आधारित है।

6. धारा 25(1–ए)

धारा	संशोधन पूर्व का प्रावधान	संशोधित प्रावधान
25 (1–ए)	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड –** जो कोई धारा 7 के उल्लंघन में, किन्हीं प्रतिषिद्ध आयुधों या किसी प्रतिषिद्ध गोला–बारूद को अर्जित करेगा, अपने कब्जे में रखेगा या लेकर चलेगा, वह कारावास से दण्ड का भागी होगा, जो पांच वर्ष से कम नहीं होगी, किन्तु जो दस वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड –** जो कोई धारा 7 के उल्लंघन में, किन्हीं प्रतिषिद्धि आयुधों या प्रतिषिद्धि गोला–बारूद को अर्जित करेगा, और अपने कब्जे में रखेगा या लेकर चलेगा, वह कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष से कम की नहीं होगी, किंतु जो चौदह वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगाः परन्तु न्यायालय, निर्णय में लेखबद्ध किए जाने वाले किन्हीं पर्याप्त और विशेष कारणों से, सात वर्ष से कम की अवधि के कारावास का कोई दण्ड अधिरोपित कर सकेगा।

मूल अधिनियम की धारा 25(1–ए) धारा 7 के उल्लंघन में किन्हीं प्रतिषिद्ध आयुधों अथवा गोला–बारूद को अर्जित करने, अपने आधिपत्य में रखने एवं लेकर चलने के लिए दण्ड का प्रावधान करती है। संशोधन के पूर्व यह अपराध न्यूनतम पांच वर्ष के अध्याधीन रहते हुए अधिकतम दस वर्ष तक के कारावास से एवं अर्थदण्ड से दण्डनीय था जिसे अब न्यूनतम सात वर्ष के अध्याधीन रहते हुए चौदह वर्ष तक के कारावास से एवं अर्थदण्ड से भी दण्डनीय बनाया गया है। इसके साथ–साथ संशोधन के पूर्व न्यूनतम पांच वर्ष के कारावास को कम करने का कोई विवेकाधिकार न्यायालय को नहीं था। अब धारा 25(1–ए) में परन्तुक जोड़कर न्यायालय को यह विवेकाधिकार दिया गया है कि न्यायालय निर्णय में पर्याप्त और विशेष कारण लेखबद्ध करते हुए सात वर्ष से कम अवधि के कारावास का दण्ड भी अधिरोपित कर सकता है।

द.प्र.सं. की अनुसूची–I के भाग–दो के अनुसार धारा 25(1–ए) के अधीन दण्डनीय अपराध संज्ञेय, अजमानतीय एवं अनन्यः सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय है।

7. धारा 25(1–एबी)

धारा	नवीन अंतःस्थापित प्रावधान
25 (1–एबी)	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड –** जो कोई बल का प्रयोग करके पुलिस या सशस्त्र बलों से आग्न्यायुध छीन लेता है, ऐसे कारावास से दण्डनीय होगा, जिसकी अवधि दस वर्ष से कम की नहीं होगी, किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी और जुर्माने का भी दायी होगा।

संशोधन द्वारा अधिनियम में नवीन धारा 25(1–एबी) जोड़ी गई है जो पुलिस अथवा सशस्त्र बलों से बलपूर्वक आग्न्यायुध छीन लेने को पृथक अपराध बनाती है और उसके लिए न्यूनतम दस वर्ष के अध्याधीन रहते हुए आजीवन कारावास तक एवं अर्थदण्ड के दण्ड का प्रावधान करती है। यह अपराध भी संज्ञेय, अजमानतीय एवं अनन्यः सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय है।

इस संशोधन के पूर्व पुलिस अथवा सशस्त्र बलों से आग्न्यायुध छीन लेने का कोई पृथक अपराध नहीं था और भा.द.सं. की धारा 353, 332 अथवा 392 के अधीन, यथोचित, का ही अपराध पंजीबद्ध हो सकता था। संशोधन अधिनियम के उद्देश्यों एवं कारणों (objects and reasons) में से एक भारत की आंतरिक सुरक्षा को जोखिम से बचाना भी है, अतः यह नवीन अपराध इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए गठित किया गया है।

8. धारा 25(1–एए)

धारा	संशोधन पूर्व का प्रावधान	संशोधित प्रावधान
25 (1–एए)	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड –** जो कोई धारा 7 के उल्लंघन में किन्हीं प्रतिषिद्धि गोला–बारूद का विनिर्माण, विक्रय, अंतरण, संपरिवर्तन, मरम्मत, परख या परिसिद्धि करेगा या उन्हें विक्रय या अंतरण के लिए अभिदर्शित या प्रतिस्थापित करेगा या उन्हें विक्रय, अंतरण, संपरिवर्तन, मरम्मत, परख या परिसिद्धि के लिए अपने कब्जे में रखेगा, वह कारावास के, जिसकी अवधि सात वर्ष से कम नहीं होगी किन्तु जो आजीवन करावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड –** जो कोई धारा 7 के उल्लंघन में किन्हीं प्रतिषिद्धि गोला–बारूद का विनिर्माण, विक्रय, अंतरण, संपरिवर्तन, मरम्मत, परख या परिसिद्धि करेगा या उन्हें विक्रय या अंतरण के लिए अभिदर्शित या प्रतिस्थापित करेगा या उन्हें विक्रय, अंतरण, संपरिवर्तन, मरम्मत, परख या परिसिद्धि के लिए अपने कब्जे में रखेगा, वह कारावास के, जिसकी अवधि दस वर्ष से कम नहीं होगी किन्तु जो आजीवन करावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

धारा 25(1–एए) धारा 7 के उल्लंघन में किन्हीं प्रतिषिद्ध आयुधों अथवा गोला–बारूद का विनिर्माण, विक्रय, अंतरण, संपरिवर्तन, मरम्मत आदि के लिए दण्ड का प्रावधान करती है। संशोधन पूर्व न्यूनतम सात वर्ष के अध्याधीन रहते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड के दण्ड का प्रावधान था। संशोधन द्वारा इस न्यूनतम दण्ड को सात वर्ष से बढ़ाकर दस वर्ष के कारावास तक कर दिया गया है। यह अपराध भी संज्ञेय, अजमानतीय एवं अनन्यः सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय है।

9. धारा 25(1–बी)

धारा	संशोधन पूर्व का प्रावधान	संशोधित प्रावधान
25 (1–बी)	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड –** जो कोई – (क) धारा 3 के उल्लंघन में, कोई आग्न्यायुध या गोला–बारूद अर्जित करेगा, अपने कब्जे में रखेगा या लेकर चलेगा; अथवा (ख) धारा 4 के अधीन अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट किसी स्थान में, ऐसे वर्ग या वर्णन के, जो उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट कर दिया गया है, कोई आयुध उस धारा के उल्लंघन में अर्जित करेगा, अपने कब्जे में रखेगा या लेकर चलेगा; अथवा (ग) .... (झ) ..... वह कारावास से, जिसकी अवधि (एक वर्ष) से कम नहीं होगी, किन्तु जो तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा तथा जुर्माने से भी दण्डनीय होगा : परन्तु न्यायालय निर्णय में अभिलिखित किसी यथोचित और विशेष कारणों से एक वर्ष से कम अवधि के लिए कारावास का दण्ड अधिरोपित कर सकेगा।	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड –** जो कोई – (क) धारा 3 के उल्लंघन में कोई आग्न्यायुध या गोला–बारूद अर्जित करेगा, अपने कब्जे में रखेगा या वहन करेगा; अथवा (ख) धारा 4 के अधीन अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट किसी भी स्थान में, ऐसे वर्ग या वर्णन के, जैसा उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया गया हो, कोई भी आयुध उस धारा के उल्लंघन में अर्जित करेगा, अपने कब्जे में रखेगा या वहन करेगा; या (ग) .... (झ) ..... वह कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष से कम की नहीं होगी, किंतु जो पांच वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने का भी दायी होगा : परन्तु न्यायालय निर्णय में अभिलिखित किसी यथोचित और विशेष कारणों से दो वर्ष से कम अवधि के लिए कारावास का दण्ड अधिरोपित कर सकेगा।

अधिनियम की धारा 25(1–बी) में धारा 3, 4, 8, 9, 10, 12 एवं 21 का किसी भी व्यक्ति द्वारा उल्लंघन तथा धारा 44 के अधीन बनाए गए नियमों का विनिर्माता या व्यापारी के द्वारा उल्लंघन करने

पर दण्ड का प्रावधान है। संशोधन के पूर्व यहां न्यूनतम एक वर्ष के अध्याधीन रहते हुए तीन वर्ष तक के कारावास तथा अर्थदण्ड के दण्ड का प्रावधान था, जिसमें अब कारावास को बढ़ाकर न्यूनतम दो वर्ष के अध्याधीन रहते हुए पांच वर्ष तक की अवधि तक कर दिया गया है। यहां यथोचित एवं विशेष कारण लेखबद्ध करते हुए न्यायालय दो वर्ष से कम अवधि का कारावास अधिरोपित कर सकता है।

यह अपराध द.प्र.सं. की अनुसूची–I के भाग–दो के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय द्वारा विचारणीय है तथा संज्ञेय एवं अजमानतीय है।

10. धारा 25(6) एवं 25(7)

धारा	नवीन अंतः स्थापित प्रावधान
25 (6)	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड** – यदि किसी संगठित अपराध संघ का कोई सदस्य या उसकी ओर से कोई भी व्यक्ति किसी भी समय अध्याय 2 के किसी उपबंध के उल्लंघन में कोई आयुध या गोला–बारूद अपने कब्जे में रखता है या लेकर चलता है, तो वह ऐसे कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष से कम की नहीं होगी; किंतु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने का भी दायी होगा।
25 (7)	जो कोई, किसी संगठित अपराध संघ के किसी सदस्य की ओर से या कोई व्यक्ति उसकी ओर से, – (i) धारा 5 के उल्लंघन में किसी आयुध या गोला–बारूद का विनिर्माण करता है, उसे अभिप्राप्त करता है, उपाप्त करता है, उसका विक्रय करता है, अंतरण करता है, उसको संपरिवर्तित करता है, उसकी मरम्मत करता है, उसकी परख करता है या उसे परिसद्ध करता है या अभिदर्शित करता है या विक्रय या अंतरण, संपरिवर्तन, मरम्मत, परख या परिसिद्धि के लिए प्रस्थापित करता है; या (ii) धारा 6 के उल्लंघन में किसी आग्न्यायुध की बैरल को छोटा करता है या किसी नकली आग्न्यायुध को आग्न्यायुध में संपरिवर्तित करता है य आयुध नियम, 2016 में उल्लिखित किसी प्रवर्ग के आग्न्यायुध को किसी अन्य प्रवर्ग के आग्न्यायुध में संपरिवर्तित करता है; या (iii) धारा 11 के उल्लंघन में किसी वर्ग या भांति के किसी भी आयुध या गोला–बारूद को भारत में लाता है या भारत से बाहर ले जाता है, तो वह ऐसे कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष से कम की नहीं, होगी, किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने का भी दायी होगा। **स्पष्टीकरण** – उपधारा (6) और उपधारा (7) के प्रयोजनों के लिए,– (क) ''संगठित अपराध'' से किसी व्यक्ति द्वारा अकेले या सामूहिक रूप से, किसी संगठित अपराध संघ के सदस्य के रूप में या ऐसे संघ की ओर से हिंसा या हिंसा की धमकी

	या अभित्रास या प्रपीड़न या अन्य विधि–विरूद्ध साधनों का प्रयोग करके, धनीय फायदे प्राप्त करने या स्वयं के लिए या किसी व्यक्ति के असम्यक् आर्थिक या अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से, कोई भी निरंतर विधि–विरूद्ध क्रियाकलाप अभिप्रेत है; (ख) ''संगठित अपराध संघ'' से दो या अधिक व्यक्तियों का ऐसा समूह अभिप्रेत है, जो किसी संघ या गैंग के रूप में अकेले या सामूहिक रूप से किसी संगठित अपराध के क्रियाकलापों में लिप्त होते हैं।

मूल अधिनियम की धारा 25(6) व 25(7) नवीन जोड़े गए प्रावधान हैं और संगठित अपराध संघ (organized crime syndicate) के सदस्यों के लिए दण्ड का विशेष प्रावधान करते हैं। एक ओर धारा 25(6) एवं दूसरी ओर धारा 25(1), 25(1–ए) या 25(1–बी) में यह अंतर है कि सामान्य व्यक्ति द्वारा धारा 3, 5, 7 आदि का उल्लंघन धारा 25(1), 25(1–ए) या 25(1–बी) के अधीन दण्डनीय होगा और वही अपराध यदि संगठित अपराध संघ का सदस्य कारित करे तो उसका कृत्य धारा 25(6) के अधीन दण्डनीय होगा।

धारा 25(7) संगठित अपराध संघ के किसी सदस्य द्वारा अथवा ऐसे संघ की ओर से किसी व्यक्ति द्वारा धारा 5, 6 व 11 के कतिपय उल्लंघन के लिए दण्ड का प्रावधान करती है। दोनों ही प्रावधानों में प्राविधित दण्ड न्यूनतम दस वर्ष के कारावास के अध्याधीन रहते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड है। यह अपराध भी संज्ञेय, अजमानतीय एवं अनन्यः सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय है।

''संगठित अपराध'' एवं ''संगठित अपराध संघ'' को स्पष्टीकरण में परिभाषित भी किया गया है।

11. धारा 25(8)

धारा	नवीन अंतःस्थापित प्रावधान
25(8)	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड** – जो कोई धारा 3; धारा 6, धारा 7 और धारा 11 के उल्लंघन में आग्न्यायुध और गोला–बारूद के अवैध व्यापार में सम्मिलित है या उसमें सहायता करता है, तो वह ऐसे कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष से कम की नहीं होगी, किंतु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने का भी दायी होगा। **स्पष्टीकरण** – इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए – ''अवैध व्यापार'' से भारत के राज्यक्षेत्र में, उससे या उसके भीतर आग्न्यायुध या गोला–बारूद का आयात, निर्यात, अर्जन, विक्रय, परिदान, संचलन या अंतरण अभिप्रेत है, यदि आग्न्यायुध या गोला–बारूद इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार चिह्नित नहीं हैं या जिनका इस अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन में दुर्व्यापार किया गया है, जिसके अंतर्गत तस्करी किए गए, विदेश में बने आग्न्यायुध या प्रतिषिद्ध आयुध और प्रतिषिद्ध गोला–बारूद भी हैं।

अधिनियम की धारा 25(8) आग्न्यायुध एवं गोला–बारूद के अवैध व्यापार (illicit trafficking) में सम्मिलित व्यक्ति के लिए विशेष दण्ड का प्रावधान करती है। अवैध व्यापार को धारा 25(8) के स्पष्टीकरण में परिभाषित भी किया गया है। इस धारा में भी प्राविधित दण्ड न्यूनतम दस वर्ष के कारावास के अध्याधीन रहते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड है। यह अपराध भी संज्ञेय, अजमानतीय एवं अनन्यः सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय है।

12. धारा 25(9)

धारा	नवीन अंतःस्थापित प्रावधान
25(9)	**कुछ अपराधों के लिए दण्ड –** जो कोई उतावलेपन या अपेक्षा से कोई अनुष्ठानिक गोलाबारी का उपयोग करेगा, जिससे मानव जीवन या किन्हीं अन्य की वैयक्तिक सुरक्षा संकटापन्न हो जाए, वह कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो एक लाख रूपए तक का हो सकेगा या दोनों से दण्डनीय होगा। स्पष्टीकरण – इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए ''अनुष्ठानिक गोलाबारी'' से जन सभाओं, धार्मिक स्थानों, विवाह समारोहों या अन्य उत्सवों में गोलाबारी करने के लिए आग्न्यायुध का प्रयोग करना अभिप्रेत है।

विगत कई वर्षों में अनुष्ठानिक गोलाबारी (celebratory gunfire) या हर्ष फायरिंग की अनेकों घटनाएं प्रकाश में आई थीं जिनमें जनहानि भी हुई है। इसी पर रोकथाम के लिए अधिनियम में धारा 25(9) जोड़कर अनुष्ठानिक गोलाबारी में आग्न्यायुध का उपयोग करने का नया अपराध गठित किया गया है जिसके लिए दो वर्ष तक के कारावास अथवा एक लाख रूपए तक के अर्थदण्ड अथवा दोनों के दण्ड का प्रावधान है। धारा के स्पष्टीकरण में ''अनुष्ठानिक गोलाबारी'' को परिभाषित भी किया गया है। यह अपराध संज्ञेय परन्तु जमानतीय है एवं किसी भी वर्ग के मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय है।

13. धारा 27

धारा	संशोधन पूर्व का प्रावधान	संशोधित प्रावधान
27	**आयुधों आदि के प्रयोग हेतु दण्ड, आदि –** (1) जो कोई धारा 5 के उल्लंघन में किन्हीं आयुध या गोला–बारूद प्रयोग करेगा तो वह कारावास से जिसकी अवधि तीन वर्ष से कम नहीं होगी, किन्तु जो सात वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा। (2) जो कोई धारा 7 के उल्लंघन में, किन्हीं प्रतिषिद्ध आयुधों या किसी प्रतिषिद्ध	**आयुधों को उपयोग में लाने के लिए दण्ड, आदि –** (1) जो कोई धारा 5 के उल्लंघन में किन्हीं आयुधों या गोला–बारूद को उपयोग में लाएगा वह कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो सात वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा। (2) जो कोई धारा 7 के उल्लंघन में किन्हीं प्रतिषिद्ध आयुधों या प्रतिषिद्ध गोला–बारूद

	गोला–बारूद का प्रयोग करता है तो कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष से कम नहीं होगी, किन्तु जो आजीवन कारावास की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा। (3) जो कोई धारा 7 के उल्लंघन में किन्हीं प्रतिषिद्ध आयुधों या प्रतिषिद्ध गोला–बारूद का प्रयोग करता है या ऐसा कोई कार्य करता है और ऐसा प्रयोग या कार्य किसी भी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बन जाए तो मृत्युदण्ड से दण्डित किया जाएगा।	को उपयोग में लाएगा वह कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा। (3) जो कोई किन्हीं प्रतिषिद्ध आयुधों या प्रतिषिद्ध गोला–बारूद को प्रयोग में लायेगा या धारा 7 के उल्लंघन में कोई कार्य करेगा और ऐसे प्रयोग या कार्य के परिणामस्वरूप किसी अन्य व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो वह मृत्युदण्ड या आजीवन कारावास से दण्डनीय होगा और जुर्माने का भी दायी होगा।

मूल अधिनियम की धारा 27 में धारा 5 व 7 के उल्लंघन में आयुध या गोला–बारूद के उपयोग के लिए दण्ड का प्रावधान है। धारा 27(3) में जहां संशोधन के पूर्व एकमात्र दण्ड मृत्युदण्ड का प्रावधान था, उसे संशोधित कर मृत्युदण्ड अथवा आजीवन कारावास के दण्ड एवं अर्थदण्ड से दण्डित बनाया गया है।

यहां एक प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि धारा 25(9) एवं 27(1), दोनों ही आग्न्यायुध व आयुध के उपयोग के लिए दण्ड का प्रावधान करती हैं, परन्तु दोनों के दण्ड की मात्रा में बहुत अधिक अंतर है, अतः कब धारा 25(9) एवं कब धारा 27 लागू होगी?

दोनों प्रावधानों, यथा धारा 25(9) एवं धारा 27(1) की तुलना करें तो यह स्थिति स्पष्ट होती है कि धारा 27(1) उस दशा में लागू होगी जहां धारा 5 के उल्लंघन में आयुध का उपयोग किया गया हो। धारा 5 आयुध के उपयोग के लिए अनुज्ञप्ति की अनिवार्यता का प्रावधान करती है। अर्थात् धारा 27(1) वहां लागू होगी जहां बिना अनुज्ञप्ति के आयुध का उपयोग किया गया हो। वहीं दूसरी ओर धारा 25(9) के लिए कोई भी व्यक्ति उत्तरदायी हो सकता है यदि वह अनुष्ठानिक गोलाबारी करता है, चाहे वह अनुज्ञप्तिधारी ही क्यों न हो।

इसे उदाहरण स्वरूप समझते हैं। एक व्यक्ति 'ए' की बारात निकालने के दौरान 'ए' के पिता 'बी' ने अपनी लायसेंसी रिवाल्वर से उतावलेपन व उपेक्षा से हवा में गोली चलाई। पिता के बाद उसी रिवाल्वर से 'ए' के भाई 'सी' ने भी उतावलेपन व उपेक्षापूर्वक हवा में गोली चलाई। यहां 'ए' अनुज्ञप्तिधारी होने के कारण धारा 25(9) के अधीन उत्तरदायी होगा और 'सी' धारा 27 के अधीन उत्तरदायी होगा क्योंकि 'सी' ने बिना अनुज्ञप्ति के आग्न्यायुध का उपयोग किया है।

संशोधन अधिनियम की प्रयोज्यताः

संशोधन अधिनियम के द्वारा मूल अधिनियम में दो प्रकार के संशोधन किए गए हैं – प्रथम, विनियमन संबंधी संशोधन तथा दूसरा, दाण्डिक प्रावधानों का संशोधन एवं नए दाण्डिक प्रावधानों का अंतःस्थापन। संशोधन अधिनियम तो दिनांक 14 दिसम्बर, 2019 से प्रभावी हो चुका है। तब यह प्रश्न उत्पन्न होना स्वाभाविक है कि संशोधित प्रावधान क्या लंबित आपराधिक मामलों में भी लागू होंगे?

इस प्रश्न का उत्तर हमें भारत के संविधान के अनुच्छेद 20(1) द्वारा प्रत्याभूत पश्चातवर्ती विधि से संरक्षण (protection against *ex post facto* law) के मौलिक अधिकार से मिलता है, जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के उल्लंघन के सिवाय न तो दोषसिद्ध किया जाएगा और न ही उस दण्ड से अधिक दण्ड से दण्डित किया जाएगा जो तत्समय प्रवृत्त विधि द्वारा प्राधिकृत था, जब ऐसा अपराध किया गया था।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो दाण्डिक विधान सदैव भविष्यलक्षी प्रभाव (prospective effect) रखते हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी अनेकों न्याय दृष्टांतों में यही प्रतिपादित किया गया है। सुलभ संदर्भ हेतु ***सोनी देवराजभाई बाबूभाई विरूद्ध गुजरात राज्य, (1991) 4 एससीसी 298*** का निर्णय अवलोकनीय है। अतः आयुध (संशोधन) अधिनियम, 2019 के दाण्डिक प्रावधान भविष्यलक्षी प्रभाव रखेंगे एवं दिनांक 14 दिसम्बर, 2019 को एवं उसके पश्चात् कारित अपराधों पर ही लागू होंगे।

जहां तक विनियमन संबंधी संशोधन का प्रश्न है, जैसे एक अनुज्ञप्ति के अधीन तीन के स्थान पर अधिकतम दो आग्न्यायुध धारित करना अथवा आग्न्यायुध अनुज्ञप्ति की अवधि तीन से बढ़ाकर पांच करना आदि, तो यह भूतलक्षी प्रभाव रखेंगे और पूर्व से जारी अनुज्ञप्तियों पर भी लागू होंगे।

उपसंहारः

उपरोक्त विवेचना के आधार पर यह कहा जा सकता है कि संशोधन अधिनियम के द्वारा अवैध हथियारों के दुर्व्यापार, अवैध आग्न्यायुधों के उपयोग, संगठित अपराध संघ द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी, उतावलेपन व उपेक्षापूर्वक की गई अनुष्ठानिक गोलाबारी आदि के लिए जोड़े गए नवीन अपराध तथा पूर्व से प्राविधित अपराधों के लिए वर्धित दण्ड का मूल उद्देश्य भारत की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना है। अतः संशोधित प्रावधानों को लागू करते समय हमें भी इस उद्देश्य को ध्यान में रखना होगा और इन अपराधों के संबंध में बहुत अधिक उदारता विधि के उद्देश्य को विफल कर सकती है।

वैध अनुज्ञप्ति के बिना धारित आग्न्यायुध के संबंध में धारा 3 एवं 5 के उल्लंघन के लिए प्रयोज्य दाण्डिक प्रावधान के बहुतायत मामले न्यायालय के समक्ष आएंगे। ऐसे मामलों में उपयुक्त प्रक्रिया अपनानी होगी अन्यथा न केवल प्रक्रियात्मक त्रुटि की संभावना बनेगी, अपितु सामान्य अपराध को भी सत्र न्यायालय के समक्ष उपार्पित करने से विलंब एवं न्यायहित के विफल होने का खतरा भी बना रहेगा।

●

PROCEDURE FOR TRIAL OF COUNTER CASES

Anurag Sharma
IV Civil Judge (Jr. Division)
Bhind (M.P.)

Introduction

We as judicial officers often find ourselves in a situation where we have to apply our legal skills to critically examine the ties by which two criminal cases are tied with i.e. the situation when we have to decode the facts and circumstances of the two different cases to consider them as what we call counter cases or cross cases of each other. The topic of the counter case itself becomes a matter of discussion as the legislature is yet to give this nomenclature a specific definition.

What are counter cases?

A case and its counter case relate to two criminal offences that find their roots in a solitary incident. That means the origin of two different criminal matters is from one genus incident. It should be of a nature that the ordinary prudent man should find the similarity between the facts said to have been occurred together or at the same time, in respect of the offence.

Essential elements of counter cases may be classified as under:-

1) Criminal offence committed;
2) Out of which two separate FIRs are lodged by two different parties (one possibly the accused of the other). Sometimes complaints are also filed by a party in counter to the FIR.

Under these circumstance, a case is described as a counter case to another when it presents an entirely different version of the same incident different from the one presented in the other case by the other party.

Instances when out of open fight, one party lodges an FIR and just after relying on the same incident (open fight) the accused of the previously lodged FIR files another more commonly called as counter FIR, are situations which lead to the formation of counter cases.

Practically date, time and place mentioned in the FIR concerning the offence committed, can be a relevant and important factor to analyze whether the case is falling under the ambit of counter case or not? However, the number of accused involved in both cases is irrelevant. At this instance, another term requires to have a glance is "offences committed in course of the same transaction". It is to be noted that cases which arise out of the same transaction when dealt with the single accused might fall in the category of joinder of charges as explained under section 220 of the CrPC. However, when different FIR/cases are lodged by different persons then it might lead to counter case.

Counter cases and cross cases : Scope

Two different versions of the same incident resulting in two criminal cases

are compendiously called “case and counter case” by some High Courts and “cross cases” by some other High Courts. When two opposite parties file cases against each other out of two different incidents then too their cases are often referred to as cross cases. But they are not counter cases and there is no special procedure for trial of such cross cases.

Procedure for trial of counter cases:

As discussed above, counter cases are cases arising out of the same incident, thus the facts and circumstances of the cases are very much interrelated and connected. Therefore, it is expected that the officer incharge of the case whether proceeding its trial or investigating the offence, remain the same in both the cases to avoid any possible lacuna in the investigation and the possibility of any suppression of facts while the trial is conducted. This version of thought is supported by a Division Bench judgment of Madras High Court in ***Re-Goriparthi Krishnamma-1929, Madras Weekly Notes 881*** way back in 1920 in which it was suggested that a case and counter case arising out of the same effect should always, if practicable, be tried by same court and each party would represent themselves as having been the innocent victims of the aggression of order. The legislature has not provided for such kind of procedure as the criminal trial is governed by Code of Criminal Procedure, 1973 in which chapters XVIII-XXI does not provide any procedure to be followed in the trial of cross cases.

In ***Sudhir v. State of M.P., (2001) 2 SCC 688*** the Supreme Court emphasised the need to follow the above practice and further held that –

> “The practical reasons for adopting a procedure that such cross cases shall be tried by the same court, can be summarized thus:
>
> (1) It staves off the danger of an accused being convicted before his while case is before the court.
>
> (2) It deters conflicting judgments being delivered upon similar facts; and
>
> (3) In reality the case and the counter case are, to all intents and purposes, different or conflicting versions of one incident.”

So far as the procedure to be followed in the trial of counter cases are concerned, the Apex Court in the landmark judgment passed in the matter of ***Nathi Lal & ors. v. State of U.P., 1990 (Supp) SCC 145*** has delineated the detailed procedural steps which are required to be followed by the courts trying counter cases together. The detailed procedure is as follows:

1. Where there are counter cases, is to direct that the same learned judge must try both the cases one after the other.
2. After the recording of evidence in one case is completed, he must hear the arguments but he must reserve the judgment.
3. Thereafter he must proceed to hear the counter case and after recording all the evidence he must hear the arguments but reserve the judgment in that case.

4. The same learned Judge must thereafter dispose of the matters by two separate judgments.
5. In deciding each of the cases, he can rely only on the evidence recorded in that particular case.
6. The evidence recorded in the counter case cannot be looked into. Nor can the judge be influenced by whatever is argued in the counter case.
7. Each case must be decided based on the evidence which has been placed on record in that particular case without being influenced in any manner by the evidence or arguments urged in the counter case.
8. But both the judgment must be pronounced by the same learned Judge one after the other.

Consideration of evidence recorded in one case in counter case:

As the above mentioned steps make it crystal clear the same court has to try both counter cases, therefore, it is needless to say that the same court has to record evidence in both cases. Another issue arises of how the evidence in both the case is to be considered and used? As explained in the ***Nathi Lal*** (supra) and ***State of M.P. v. Mishrilal (dead) and ors., (2003) 9 SCC 426***, both the case and the counter case have to be decided on its own merits. Just because the trial is conducted by the same court, it in no manner enables the court to use the evidence of one case in the counter case.

Later on, in the matter of ***Lakhan Singh v. State of M.P., 2007 (3) MPLJ 194*** High Court of Madhya Pradesh has reiterated that:

> "Evidence oral or documentary, adduced by the prosecution and the defence in the counter case cannot be considered and looked into in another counter case. Each case is to be decided based on the evidence available on the record of the said case".

However, parties may be often required to rely on the evidence recorded in the case where they are victims to be used in their defence in the case where they are accused. In such situation, parties have to apply for the certified copies of the records such as FIR, MLC reports, site plan and other documentary evidence from one case and then produce such certified copies on the record of counter case. Thereafter, they have to apply for calling the original record at the time of recording of evidence in the counter case and have to submit and exhibit such certified copies of the records. Original record will be exhibited by the court and certified copy will also be marked and kept on record.

When one case is exclusively triable by the Court of Session and the other is triable by the Magistrate:

In the counter case, there exists a fair possibility that one of the cases is exclusively triable by Court of Sessions and the other is triable by a Magistrate. Obviously, the case triable by the Court of Sessions will be committed under section 209 CrPC. The question which bothers us is how to deal with the other matter which, though, is a counter case, but not exclusively triable by Court of Sessions?

This question arose before the Supreme Court in ***Sudhir*** (supra) in which initially the final report was filed u/s 307 read with section 149 of IPC resulting the matters committed to the Court of Sessions, but later on Court of Sessions found that in one of the matters offence u/s 324 read with section 149 IPC is formed. Thus, after framing of charges that matter was transferred to the CJM for trial as per section 228(1) CrPC. Later on, when the matter reached the Supreme Court wherein it was observed that:

> ".....where one of the two cases (relating to the same incident) is charge-sheeted or complained of, involves offences or offence exclusively triable by a Court of Sessions, but none of the offences involved in the other case is exclusively triable by the Sessions Court. The magistrate before whom the former case reaches has no escape from committing the case to the Sessions Court as provided in Section 209 of the Code. Once the said case is committed to the Sessions Court, thereafter it is governed by the provisions subsumed in Chapter XVIII of the Code. Though, the next case cannot be committed in accordance with Section 209 of the Code, the magistrate has, nevertheless, power to commit the case to the court of Sessions, albeit none of the offences involved therein is exclusively triable by the Sessions Court. Section 323 is incorporated in the Code to meet similar cases also. ..... Hence the Magistrate can exercise the special power conferred on him by virtue of Section 323 of the Code when he commits the cross case also to the Court of Sessions."

A Similar proposition of law was also laid down by Kerala High Court in the case of ***C.H. Abdul Salam v. Sameera and anr., 2007 CriLJ 1877*** as –

> "However, we are of the view that the ideal procedure is to file an application before the Magistrate itself by the Public Prosecutor or by the aggrieved party requesting the Magistrate to commit the case under Section 323 of Cr.P.C. to the Sessions Court where the connected case is pending."

Thus, their is no iota of doubt that under the above circumstances Magistrate court has to commit the counter case u/s 323 CrPC irrespective of the fact that none of the offence is exclusively triable by Court of Sessions.

Procedure to be followed by the Court of Sessions:

Once the matters are committed to the Court of Sessions, then irrespective of the fact that the counter case so committed u/s 323 CrPC by the Magistrate does not involve any offence exclusively triable by a Court of Sessions, the procedure provided under chapter XVIII of CrPC, i.e trial before the Court of Sessions is to be adopted. In ***Sudhir*** (supra), it was held that –

> "Commitment under Section 209 and 323 might be through two different channels, but once they are committed their subsequent flow could only be through the stream channelised by the provisions contained in Chapter XVIII."

Withdrawal of counter cases:

It is to be kept in mind that withdrawal of one counter case by prosecution is not permissible, being violative of principles of natural justice. It has been held by Madhya Pradesh High Court in ***Ramnaresh Tyagi and anr. v. Arjun Mohan Singh and ors., 2008 (4) MPHT 109*** that the withdrawal of only one of the two counter cases by the State should not be permitted as this would be compelling one of the two parties to face trial and giving benefit to the other party which will be against the interest of justice.

Counter cases not tried by same Court : Effect

A situation may arise when counter cases are not tried and decided by the same court. Whether such judgments are fatal?

Calcutta High Court in the matter of ***Ananta Deb Singha Mahapatra and ors. v. State of West Bengal, 2007 CriLJ 1705 (Cal)*** has explained the need for accused of the matter, whose case is tried by different court accountable and has held that it is the responsibility of the accused to bring up the facts of counter case before the concerned court. Thus, the accused cannot use this procedure as leverage after the matter is decided on the merits.

Conclusion:

The foremost and important factor with regard to the trial of counter cases is to scrutinize the fact that the two cases are counter cases of each other. Few suggestive measures can be applied while dealing with such matters namely:

- To carefully examine the facts, namely date, time and place of occurrence of an offence while reaching to a conclusion that two cases are counter cases of each other.
- Through various pronouncements it has been made clear that the basic principle of criminal jurisprudence is that each case is to be decided based on its own oral and documentary evidence adduced by either party and no extraneous material can be taken into consideration. [***State of M.P. v. Mishrilal*** (supra)]
- Judgment in both the cross cases should be passed on the same day one after the other.
- Withdrawal of one of the counter cases is not permissible.
- Accused is under responsibility to inform that counter case is also pending and a judgment cannot be challenged on the ground that both the counter cases are not decided by the same Court.

●

LAW RELATING TO COUNTER-CLAIM : PRACTICE & PROCEDURE

Tanmay Singh
XXII Civil Judge (Jr. Division)
Jabalpur (M.P.)

RELEVANT PROVISION

Law relating to Counter-claim by defendants is contained in Order 8 Rules 6A to 6G of the Code of Civil Procedure, 1908 (hereafter referred as 'CPC'). Rule 6A provides that –

> **Rule 6A. Counter-claim by defendant –**
> (1) A Defendant in a suit may, in addition to his right of pleading a set-off under rule 6, set up, by way of counter-claim against the claim of the plaintiff, any right or claim in respect of a cause action according to the defendant against the plaintiff either before or after the filing of the suit, but before the defendant against the plaintiff either before or after the filing of the suit, but before the defendant has delivered his defence or before the time limited for delivering his defence has expired, whether such counter-claim is in the nature of a claim for damage or not:

The provision for counter-claim by the defendant has been given a statutory recognition by the CPC (Amendment) Act, 1976 which inserted new rules 6A to 6G to Order VIII of the CPC for admisibility of counter-claim as such by the defendant, that is, a counter-claim made by the defendant to enforce an independent right unconnected with the claim made in the plaint and not intended to be a defence to the claim made in plaint.

COUNTER-CLAIM : MEANING

Counter-claim has not been defined under CPC. However, literal meaning of counter-claim may be understood as a claim made by the defendant in a suit against the plaintiff. It is a claim independent of and separable from the claim of the plaintiff which can be enforced by cross action. Generally, it is a cause of action against the plaintiff but in favour of the defendant. Hon'ble Delhi High Court in the case of ***Gastech Process Engineering (India) Pvt. Ltd. v. M/s Saipem, (2009) 159 DLT 756*** has observed that "counter-claim is a weapon of defence and enables the defendant to enforce a claim against the plaintiff and is allowed to be raised to avoid multiplicity of proceedings". Hon'ble Andhra Pradesh High Court has in the case of ***Surgesan & Co. Pvt Ltd. v. Hindustan Machine Tools Ltd., AIR 2004 AP 428*** has observed that a counter-claim has to be treated as a plaint and is governed by the rules applicable to the plaint. ... A counter-claim is to be treated as a cross-suit which shall contain all the features of a regular suit.

MODES OF FILING COUNTER-CLAIM

There are three modes of pleading or setting up a Counter-claim in a civil suit–

(1) in written statement, or

(2) by way of an amendment in written statement, or

(3) by way of subsequent pleading under O.8, R.9 CPC, after the filing of written statement.

Counter-claim along with the written statement –

Firstly, the written statement filed under O.8, R.1 CPC may itself contain a counter-claim which in the light of Rule 1 read with Rule 6-A would be a Counter-claim against the claim of the plaintiff preferred in exercise of legal right conferred by Rule 6-A.

Counter-claim by way of amendment in written statement –

Secondly, a counter-claim may be preferred by way of amendment incorporated subject to the leave of the court in a written statement already filed i.e. by way of an application filed under O.6, R.17 CPC.

